मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 285
गुरुवार, 08 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

# 25 मिनट में नौ आतंकी ठिकाने उड़ाए, 80 आतंकवादियों की मौत

**कश्मीर, 07 मई।** सैन्य अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को तड़के मात्र 25 मिनट तक चले एक त्वरित और समन्वित हमले में भारत ने बालाकोट के बाद से सबसे व्यापक सीमापार हमला किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। ऑपरेशन सिंदूर नाम से किए गए इन हमलों में वायु, नौसेना और जमीन आधारित परिसंपत्तियां शामिल थीं और इन्हें पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में अंधेरे की आड़ में शुरू किया गया था जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।

भारतीय सशस्त्र बलों ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेते हुए कठोर जवाबी कार्रवाई में मंगलवार देर रात पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए, जिनमें आतंकवादी समूहों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के गढ़ भी शामिल हैं। भारत की नपी-तुली, टकराव को नहीं बढ़ाने वाली, संतुलित और जिम्मेदाराना कार्रवाई 25 मिनट तक चली।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत ने 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के दोषियों और साजिशकताओं को न्याय के कठघरे में लाने के लिए आनुपातिक हमले करने का निर्णय लिया, क्योंकि पाकिस्तान की ओर से उसके नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

गत 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए हमले के पंद्रह दिन बाद ऑपरेशन सिंदूर नाम से शुरू की गई सैन्य कार्रवाई के लक्ष्यों में पंजाब प्रांत में बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ भी शामिल था, जो भारतीय सीमा से 100 किलोमीटर दूर स्थित है। जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख मौलाना मसूद अजहर ने स्वीकार किया कि बहावलपुर में संगठन के मुख्यालय पर भारत के मिसाइल हमले में उसके परिवार के 10 सदस्य और चार करीबी सहयोगी मारे गए।

## एलओसी पर ताबड़तोड़ फायरिंग, 15 नागरिकों की गयी जान



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सेना ने आतंकी शिविरों को नष्ट करने में सटीकता, सावधानी और करुणा के साथ काम करके इतिहास रच दिया है। सिंह ने कहा कि भारत ने पहलगाम हमले का जवाब देने के अपने अधिकार का इस्तेमाल किया और लक्ष्यों को योजना के अनुसार नष्ट कर दिया गया।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर कड़ी निगरानी रख रहे थे। इस कार्रवाई के बाद उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की और सफल हमलों के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की। सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने ही भारतीय कार्रवाई के लिए ऑपरेशन सिंदूर शब्द चुना था। भारत की इस सैन्य कार्रवाई के नाम में सिंदूर शब्द को जोड़ने का एक संदर्भ यह है कि भारतीय परंपरा में विवाहित महिलाएं अपनी मांग में सिंदूर लगाती हैं और इसे उनके सुहागन होने का एक प्रतीक माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर नाम उन महिलाओं के प्रति सम्मान है जिन्होंने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने पतियों को खो दिया था।

मिसरी ने कहा, भारत की कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस बयान के अनुरूप है जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराया गया है। सैन्य अधिकारियों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के तहत, भारतीय सेना ने मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के मरकज तैयबा, बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के मरकज सुभान अल्लाह और सियालकोट में हिजबुल मुजाहिदीन के महमूना जोया फैसिलिटी और बरनाला में मरकज अहले हदीस में लश्कर के अड्डे और मुजफ्फराबाद के शावाई नाला में उसके शिविर को निशाना बनाया। मिसरी के साथ एक मीडिया ब्रीफिंग में दो महिला अधिकारियों-सेना की सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायुसेना की हेलीकॉप्टर पायलट विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि यह अभियान देर रात 1:05 बजे से 1:30 बजे तक चलाया गया और सभी लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक नष्ट कर दिया गया। अभियान के पूरा होने के 15 मिनट बाद रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, कुछ समय पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में उन आतंकवादी बुनियादी ढांचों पर हमला करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों का मंसूबा बनाया गया और इसे निर्देशित किया गया। इसने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों की कार्रवाई केंद्रित और नपी-तुली थी। साथ ही यह ध्यान रखा गया कि यह और न बढ़े। बयान में कहा गया, किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्य के चयन और क्रियान्वयन के तरीके में काफी संयम दिखाया है।

# सीबीआई चीफ प्रवीण सूद को मिला एक साल का एक्टेंशन, कार्यकाल मई 2026 तक बढ़ा



**नई दिल्ली, 07 मई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया है, जिससे उनका कार्यकाल मूल दो साल के कार्यकाल से आगे बढ़ गया है, जो 24 मई, 2025 को समाप्त होने वाला था। अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली उच्चस्तरीय चयन समिति की बैठक के दौरान लिया गया, जिसमें भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सदस्य थे। कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने समिति की सिफारिशों के आधार पर विस्तार को मंजूरी दी। कर्नाटक कैडर के 1986 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सूद ने कर्नाटक में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में कार्य करने के बाद 25 मई, 2023 को सीबीआई प्रमुख का पदभार संभाला। 1964 में हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में जन्मे सूद 22 साल की उम्र में आईपीएस में शामिल हुए, उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक किया। उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) बेंगलुरु और न्यूयॉर्क में सिरैक्यूज विश्वविद्यालय में मैक्सवेल स्कूल ऑफ सिटीजनशिप एंड पब्लिक अफेयर्स से स्नातकोत्तर उपाधियाँ भी प्राप्त की हैं। पुलिसिंग के लिए अपने तकनीक-संचालित दृष्टिकोण के लिए जाने जाने वाले सूद ने अंतरराष्ट्रीय और अंतरराज्यीय प्रभावों वाली कई हाई-प्रोफाइल जांचों की देखरेख की है। उन्होंने कर्नाटक में अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क और सिस्टम और इंटरऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (क्ळखर) को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# चेन्नई सुपर किंग्स ने बिगाड़ा केकेआर का खेल, कोलकाता की प्लेऑफ की राह मुश्किल

**कोलकता, 07 मई।** बुधवार को आईपीएल 2025 के 57वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर टीम का खेल बिगाड़ दिया है। चेन्नई ने इस मुकाबले को 2 विकेट से अपने नाम किया। इस सीजन चेन्नई की ये तीसरी जीत है। हार के साथ कोलकाता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनकी प्लेऑफ की राह अब कठिन हो गई है।

वहीं इस जीत के साथ सुपरकिंग्स ने लगातार चार हार के क्रम को तोड़ा दिया लेकिन टीम अब भी 12 मैच में छह अंक के साथ अंतिम पायदान पर है। नाइट राइडर्स की टीम 12 मैच में 11 अंक के साथ छठे स्थान पर है और अधिकतम 15 अंक जुटा सकती है।



कोलकाता नाइट राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन बनाए। अजिंक्य रहाणे अर्धशतक से चूक गए। रसेल 38 और मनीष पांडे 36 रन बनाकर नाबाद रहे। नूर अहमद ने चार विकेट चटकाए।

वहीं चेन्नई ने जवाब में 60 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद डेवाल्ड ब्रेविस (52 रन, 25 गेंद, चार छक्के, चार चौके) के अर्धशतक और शिवम दुबे (45 रन, 40 गेंद, तीन छक्के, दो चौके) के साथ उनकी छठे विकेट की 67 रन की साझेदारी से 19.4 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 183 रन बनाकर जीत दर्ज की।

केकेआर की तरफ से कप्तान रहाणे ने 33 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े जबकि रसेल ने अपनी ताबड़तोड़ पारी के दौरान 21 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और चार चौके मारे। केकेआर की ओर से वैभव अरोड़ा ने 48 रन देकर तीन जबकि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने क्रमशः 18 और 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

## तीन भाई-बहन कुएं में कूदे, दो की मौत

**शहडोल।** मध्यप्रदेश के शहडोल जिले में एक युवती और उसके दो नाबालिग भाई-बहन पानी से भरे कुएं में कूद गए, जिससे उनमें से दो की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अंजू बैगा (19), उसका छोटा भाई विकेश (8) और बहन गोमती (9) मंगलवार देर रात बांसुकली गांव के बाहरी इलाके में स्थित कुएं में कूद गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस रात करीब दो बजे मौके पर पहुंची और तीनों को बचाने की कोशिश की।

सीधी पुलिस थाने के प्रभारी राजकुमार मिश्रा ने बताया कि बचाव से पहले ही अंजू और विकेश की मौत हो चुकी थी, जबकि गोमती को जिंदा बाहर निकाल लिया गया। पुलिस ने बताया कि गोमती का इलाज चल रहा है और उसकी हालत खतरे से बाहर है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में डर पैदा किया: नकवी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सशस्त्र बलों द्वारा किये गये हमले के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व ने देश के लोगों में विश्वास और दुश्मनों में भय पैदा किया है।

नकवी ने कहा कि पाकिस्तान में जुल्म जुर्म के जल्लादी जानवरों का जमींदोज होना भारत और पूरी मानवता की सुरक्षा के लिए धर्मयुद्ध है।

# बीजापुर मुठभेड़ में 15 से अधिक नक्सली ढेर



**बीजापुर, 07 मई।** वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ एक बड़े अभियान में, बीजापुर जिले में केरेगुट्टा पहाड़ियों के पास चल रही मुठभेड़ में 15 से अधिक नक्सली मारे गए हैं। एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर 'मिशन संकल्प' के तहत अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने भारी दबाव बनाए रखा है और मुठभेड़ अभी भी जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीजापुर जिले में मुठभेड़ अभी भी जारी है। मिशन संकल्प पर छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव साईं ने कहा कि कई दिनों से छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर करेगुट्टा पहाड़ियों के पास नक्सल विरोधी अभियान चल रहा है। अब तक वहां 22 से ज्यादा नक्सलियों के शव मिल चुके हैं। ऑपरेशन जारी है। 5 मई को बीजापुर की दक्षिण-पश्चिमी सीमा पर घने जंगल में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के साथ मुठभेड़ की। गोलीबारी के बाद, घटनास्थल पर वदीर्धारी महिला नक्सली मृत पाई गई। उसके पास से .303 राइफल बरामद की गई। अधिकारियों ने मुठभेड़ स्थल पर मिले निशानों का हवाला देते हुए कहा कि इस बात की प्रबल संभावना है कि इस अभियान में कई अन्य नक्सली मारे गए या घायल हुए हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, अब तक चल रहे अभियान में कुल चार नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं - 24 अप्रैल को तीन और 5 मई को एक। हाल के हफ्तों में नक्सल विरोधी अभियान में काफी तेजी देखी गई है। 28 अप्रैल को 24 नक्सलियों ने बीजापुर पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, जिनमें से 14 पर 28.50 लाख रुपये का इनाम था।

# भारत हमारी मातृभूमि, पूरा देश सशस्त्र बलों के साथ खड़ा: मौलाना महमूद मदनी



**नई दिल्ली, 07 मई।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद भारत की सैन्य प्रतिक्रिया के मद्देनजर भारतीय सशस्त्र बलों और राष्ट्रीय संप्रभुता के लिए मजबूत समर्थन व्यक्त किया है। बुधवार को जारी एक बयान में मदनी ने राष्ट्रीय रक्षा के लिए संगठन की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा कि भारत हमारी मातृभूमि है और इसकी रक्षा हमारी राष्ट्रीय और संवैधानिक जिम्मेदारी है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने हमेशा देशभक्ति, शांति और एकता के मूल्यों को कायम रखा है। ऐसे समय में जब हमारी सीमाएं खतरे में हैं, हम अपने बहादुर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम समुदाय सहित पूरा देश सशस्त्र बलों के समर्थन में एकजुट है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान युद्ध थोपता है, तो हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि पूरा देश - सभी धर्मों के लोग, खासकर मुसलमान - भारतीय सशस्त्र बलों के साथ खड़े होंगे।

मदनी ने भारत सरकार से किसी भी आक्रमण का निर्णायक ढंग से जवाब देने का आग्रह करते हुए कहा, हम भारत सरकार से हर शत्रुतापूर्ण कार्रवाई का कड़ा और उचित जवाब देने का आग्रह करते हैं। दुनिया को यह जानना चाहिए कि भारत एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर हर कीमत पर अपनी भूमि की रक्षा करेगा।






# रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर व महाराष्ट्र ब्लड बैंक ने थैलेसीमिया दिवस पर मनाया मानवता और मुस्कान उत्सव

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** जब एक मुस्कान जीवन का सबसे बड़ा उपहार बन जाए, इस विचार को साकार किया पालघर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम ने, जो थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए एक आशा की किरण बनकर सामने आया।महाराष्ट्र ब्लड बैंक और कांता हॉस्पिटल द्वारा रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर के सानिध्य में 7 मई 2025 को थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 65 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का उद्देश्य न सिर्फ जागरूकता फैलाना था, बल्कि बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना भी था। ज्ञात हो कि पालघर में पिछले 13 साल से महाराष्ट्र रक्तपेढ़ी शुरू है जो फिलहाल डॉ वैशाली चौहान व्यवस्था देखती है ( 9049522578 ) इसमें तकरीबन 62 बच्चों को नियमित 10 से 15 दिन में रक्त निशुल्क दिया जाता है और कांता हॉस्पिटल थैलेसीमिया डे केयर सेंटर में रक्त बच्चों को चढ़ाया जाता है ।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसोसिएशन ऑफ मेडिकल कंसल्टेंट के अध्यक्ष डॉ राजीव अग्रवाल द्वारा फीता काट कर किया गया। साथ ही मंच पर पास्ट डिस्ट्रिक गवर्नर रोटेरियन डॉ बाल ईनामदार, रो. डॉ नीलिमा ईनामदार, डॉ संजय डांगे जैसे विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित रहे। डॉ रामदास मरद सिविल सर्जन पालघर ने थैलेसीमिया परियोजना के संयोजक की भूमिका बखूबी निभाई। रोटरी क्लब ऑफ बोईसर तारापुर से प्रेसिडेंट विलास शहापुरे, प्रथम महिला संध्या शहापुरे,निर्वाचित अध्यक्ष 2025-26 रामनारायण गोयल, पास्ट प्रेसिडेंट डॉ पराग कुलकर्णी,सत्येंद्र सिंह शेखावत, जगदीश भूते, वैशाली शिंदे, रो. कौशल श्रीवास्तव, मिसेज पुष्पा श्रीवास्तव, मिस भाग्यश्री, डॉ सचिन फड, डॉ मनाली बारी, डॉ उपेन्द्र बेहरे, सीनियर टीचर गंगाधर फड, इत्यादि मान्यवर उपस्थित थे। कांता हॉस्पिटल के संचालक डॉ राजेंद्र चव्हाण ने थैलेसीमिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा, यह सिर्फ चिकित्सा का नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और समर्पण का विषय है।

उन्होंने इस बीमारी की रोकथाम के प्रयासों को निरंतर जारी रखने की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में बच्चों के लिए विशेष उपहारों की व्यवस्था की गई थी झ रोटरी क्लब की ओर से टी-शर्ट, बैटरी चालित फैन, और रोटेरियन कौशल श्रीवास्तव द्वारा अपनी पुत्री के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नाश्ते के पैकेट, माजा, पेंसिलें, केक और रबर वितरित किए गए। वसुधारा अमूल डेयरी ने बच्चों को लस्सी प्रदान की। डॉ चव्हाण की ओर से कंबलों का वितरण भी किया गया।

इस आयोजन को सफल बनाने में डॉ पराग कुलकर्णी की अहम भूमिका रही, जिन्होंने इसकी संकल्पना से लेकर क्रियान्वयन तक हर स्तर पर योगदान दिया। इस पुनीत कार्य के लिए आर्थिक सहायता मेसर्स भगेरिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम का समापन डॉ चव्हाण ने आभार ज्ञापन के साथ किया और सभी उपस्थित अतिथियों, स्वयंसेवकों एवं सहभागी संस्थाओं को धन्यवाद दिया।

## भारतीय सेना की वीरता पर देश को गर्व : रामदास आठवले

**मुंबई।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री, रामदास आठवले ने ऑपरेशन सिंदूर के सफल संचालन पर भारतीय सेना की वीरता, साहस और रणनीतिक कौशल की सराहना करते हुए कहा है कि इस अद्वितीय अभियान पर पूरा देश गर्व महसूस करता है। आठवले ने कहा, भारतीय सेना ने कोटली, अहमदपुर शर्किया, मुजफ्फराबाद, मुरीदके और फैसलाबाद जैसे क्षेत्रों में आतंकवादी शिविरों पर सटीक और प्रभावी हमले कर यह सिद्ध कर दिया है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ किसी भी हद तक जा सकता है। यह अभियान न केवल भारतीय सेना की क्षमता को दशार्ता है, बल्कि यह भारत की सुरक्षा नीति में एक नया अध्याय है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी खुले शब्दों में प्रशंसा की और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक और सशक्त नेतृत्व में ही इस तरह के साहसिक अभियान संभव हो पाए हैं। मैं उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के लिए दिल से बधाई देता हूँ। आठवले ने यह भी कहा कि भारत को आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए ऐसे अभियान समय-समय पर दोहराने चाहिए और पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा से कभी समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह विश्वास जताया कि आने वाले समय में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को भारत एक दिन अवश्य पुनः अपने अधीन करेगा, और यह संभव होगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में।

## रेमेडियम लाइफकेयर राइट्स इश्यू पहले दो दिनों में 26% सब्सक्राइब

**मुंबई।** रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड का राइट्स इश्यू कंपनी की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण माइल स्टोन है। इस इश्यू को निवेशकों और शेयरधारकों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है और दूसरे दिन के अंत तक इसे 26.03% सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ है। विशेष रूप से, रेमेडियम लाइफकेयर एक तेजी से बढ़ती कंपनी है जो फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के हिस्से के रूप में कच्चे माल के व्यापार और वितरण में विशेषज्ञता रखती है। यह राइट्स इश्यू 14 मई, 2025 को बंद होगा। इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग रणनीतिक रूप से वैश्विक विस्तार पहलों में तेजी लाने, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कंपनी के पदचिह्न को मजबूत करने और कार्यशील पूंजी को मजबूत करने और अनुसंधान एवं विकास क्षमताओं में निवेश करने के लिए किया जाएगा। इससे कंपनी की समग्र वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। अपनी बैलेंस शीट को मजबूत करके और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाकर, रेमेडियल लाइफकेयर का लक्ष्य अपने निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक मूल्य हासिल करना है। इसके अलावा, इसका लक्ष्य खुद को वैश्विक विशेष रसायन और फार्मास्युटिकल क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी के रूप में स्थापित करना भी है। रेमेडियम लाइफकेयर लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक आदर्श मुंजाल ने कहा कि इस कदम से कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा और महत्वपूर्ण वृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त होगा। हमारा ध्यान विश्व स्तर पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करने और व्यापक बाजार की सेवा के लिए अनुसंधान और विनिर्माण में आगे बढ़ने पर है। यह दृष्टिकोण हमारी दीर्घकालिक स्थिरता और सफलता सुनिश्चित करेगा। यह रणनीतिक बदलाव कंपनी की हालिया उपलब्धि के बाद आया है, जिसमें कंपनी को फरवरी-2025 में यूके स्थित एक प्रमुख फार्मास्युटिकल वितरक से 182.7 करोड़ रुपये का बहु-वर्षीय निर्यात ऑर्डर मिला था।

## आईसीटी मुंबई द्वारा 'सेंटर फॉर एनर्जी साइंस एंड टेक्नोलॉजी' का शुभारंभ

**मुंबई।** वित्त मंत्री ने अपने हालिया बजट में वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य निर्धारित किया है, साथ ही अनुसंधान एवं विकास के लिए तत्काल 20,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईसीटी), मुंबई ने राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा मिशन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए ह्यसेंटर फॉर एनर्जी साइंस एंड टेक्नोलॉजीह्व के शुभारंभ की घोषणा की है। यह भारत को वैश्विक परमाणु ऊर्जा क्रांति में सबसे आगे रखने वाली एक साहसिक और दूरदर्शी पहल है। लंबे समय से रिसर्च, इनोवेशन और उद्योग जगत के साथ साझेदारी में आईसीटी की क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, यह नया केंद्र एडवांस्ड न्यूक्लियर एनर्जी सिस्टम्स के साथ-साथ कार्यबल को निखारने में उत्कृष्टता का राष्ट्रीय केंद्र बनने के लिए तैयार है। 6 मई, 2025 को मुंबई के इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी में के.वी.ऑडिटोरियम में परमाणु विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के विकास के लिए उद्योग-शिक्षा जगत की साझेदारी के विषय पर आयोजित एक भव्य सम्मेलन में यह घोषणा की गई। होमी भाभा राष्ट्रीय संस्थान के कुलाधिपति तथा एईसी के पूर्व-अध्यक्ष एवं डीएई के सचिव, भारत सरकार, डॉ.अनिल काकोडकर ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्मेलन में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित किया।

## प्रतिष्ठित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता बने भुवन ऋभु



**मुंबई/पटना।** प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता व अधिवक्ता भुवन ऋभु को वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने प्रतिष्ठित मेडल ऑफ ऑनर पुरस्कार से सम्मानित किया। भुवन ऋभु यह अंतराष्ट्रीय सम्मान पाने वाले पहले भारतीय अधिवक्ता हैं। इस वर्ल्ड लॉ कांग्रेस में 70 देशों के 1500 से ज्यादा विधिक क्षेत्र के दिग्गजों व 300 वक्ताओं ने हिस्सा लिया, जहां दुनिया की इस सबसे पुरानी ज्यूरिस्ट एसोसिएशन ने कानूनी हस्तक्षेपों और जमीनी लामबंदियों के जरिए बच्चों और उनके अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में दो दशक से जारी संघर्षों और उपलब्धियों के लिए भुवन ऋभु को सम्मानित किया। यह कांग्रेस डोमिनिकन रिपब्लिक में 4 से 6 मई के बीच संपन्न हुई।

वर्ष 1963 में स्थापित वर्ल्ड ज्यूरिस्ट एसोसिएशन दुनिया के विधिवेत्ताओं की सबसे पुरानी संस्था है जिसने न्याय के शासन की स्थापना में अपने योगदान के लिए विंस्टन चर्चिल, नेल्सन मंडेला, रुथ बेडर गिन्सबर्ग, स्पेन के राजा फेलिप षष्टम, रेने कैसिन और कैरी कैनेडी जैसी ऐतिहासिक हस्तियों को सम्मानित किया है। भुवन ऋभु के सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों में दायर 60 से ज्यादा जनहित याचिकाओं के नतीजे में कई ऐतिहासिक फैसले आए हैं जिसने देश में बाल अधिकार व बच्चों की सुरक्षा का पूरा परिदृश्य बदल दिया है। वे वैश्विक विस्तार की ओर अग्रसर नागरिक समाज संगठनों के दुनिया के सबसे बड़े कानूनी हस्तक्षेप नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक हैं।

# भारत ने पाकिस्तान को बता दी सिंदूर की कीमत : कृपाशंकर सिंह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारत में पहलगाम में पाक आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर मारे गए 26 निर्दोष पर्यटकों का बदला लेते हुए पाक में स्थित 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया । भारत ने पाक आतंकियों को सिंदूर उजाड़ने की कीमत बता दी है । महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने भारतीय सेना द्वारा की गई एयर स्ट्राइक ह्लऑपरेशन सिंदूरह्ल के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना को बधाई देते हुए उपरोक्त बातें कही । उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान अपनी आदतों में सुधार नहीं लाता है तो सेना को आने वाले दिनों में इससे भी बड़ी एयर स्ट्राइक की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश प्रधानमंत्री के निर्णय के साथ खड़ा है। पाकिस्तान जिस तरह से आतंकी संगठनों की खुलकर मदद कर रहा है, उसके चलते उसका परमानेंट इलाज होना आवश्यक है।

# जिलाधिकारी डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देश पर अधिकारियों ने तूफान ग्रस्त क्षेत्र का किया दौरा

**पालघर(उत्तरशक्ति)।** जिले के डहाणू तहसील के धाकटी डहाणू गांव में 6 मई 2025 को आए भीषण तूफान के कारण लगभग 40 से 50 नौकाएं और 10 से 12 घर क्षतिग्रस्त हो गए। जिलाधिकारी डॉ. इंदु राणी जाखड़ के निर्देश और मार्गदर्शन के अनुसार उपजिलाधिकारी एवं उपविभागीय अधिकारी दहानू महेश सागर, दिनेश पाटील (उपआयुक्त, मत्स्य व्यवसाय विभाग) तथा डहाणू तहसीलदार सुनील कोली ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित मछुआरा समुदाय से मुलाकात की। उपजिलाधिकारी एवं उपविभागीय अधिकारी दहानू महेश सागर ने तूफान से हुए नुकसान की विस्तृत समीक्षा करते हुए आश्वासन दिया कि सरकार की ओर से नियमानुसार हरसंभव





सहायता प्रदान की जायेगी। इस दौरान मत्स्य व्यवसाय विभाग के सहायक आयुक्त और राजस्व प्रशासन के कर्मचारियों के माध्यम से नुकसान का पंचनामा कार्य भी शुरू किया गया। प्रशासन की तत्परता और संवेदनशीलता से प्रभावित स्थानीय मछुआरा समुदाय ने राहत एवं पुनर्वास की उम्मीद जताई है।

# जय प्रकाश त्रिपाठी के आवास पर अखण्ड पाठ का आयोजन संपन्न

**आनंद मिश्रा**

**नालासोपारा ( उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन दिनांक 6 मई 2025 दिन मंगलवार से शुरू हुआ है।



7 मई 2025 दिन बुधवार को हवन और भंडारे साथ संपन्न हुआ यह आयोजन पुत्र के शुभ विवाह के अवसर पर किया गया। जिसमें पंडित आचार्य दिनानाथ शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश त्रिपाठी , दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा , दिनेश तिवारी, संजय तिवारी , सुनील तिवारी वकील , उपस्थित थे। बता दें कि जय प्रकाश त्रिपाठी का पैतृक गांव जनपद जौनपुर विकास खंड मुंगराबादशाहपुर ग्राम चेतरिया के निवासी है। अब ये महाराष्ट्र के वीर छत्रपति शिवाजी महाराज के पावन धरती पर अपना जीविका चला रहे हैं। इनके परिवार के मुकेश त्रिपाठी , देवल त्रिपाठी , अरुण त्रिपाठी , पुत्र राहुल त्रिपाठी, ऋषि त्रिपाठी, मामा तुलसी राम मिश्रा, वेदनाथ त्रिपाठी सभी सदस्य गण की मौजूदगी में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। तत्पश्चात महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया है।

# ग्रीनलाइन ने की ग्रीन लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा देने के लिए श्रीराम फाइनेंस के साथ साझेदारी

**मुंबई।** ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड, एक एस्सार उद्यम और भारत में एलएनजी और इलेक्ट्रिक-पावर्ड हैवी कमर्शियल ट्रकों का एकमात्र ग्रीन लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर, ने आज पुणे के चाकन में एलएनजी-पावर्ड ट्रकों के एक नए बेड़े को हरी झंडी दिखाई। इस तैनाती को भारत की सबसे बड़ी एनबीएफसी में से एक और श्रीराम समूह की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड का समर्थन प्राप्त है। ग्रीनलाइन भारत के कम कार्बन लॉजिस्टिक्स परिवर्तन का नेतृत्व करना जारी रखे हुए है।650 से अधिक एलएनजी ट्रकों का इसका मौजूदा बेड़ा एफएमसीजी और ई-कॉमर्स, धातु और खनन, सीमेंट, तेल और गैस, और रसायन जैसे क्षेत्रों में प्रमुख कंपनियों को सेवा प्रदान करता है। यह बेड़ा पहले ही 40 मिलियन किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर चुका है, जिससे उत्सर्जन में 10,000 टन से अधिक की कमी आई है। कंपनी 10,000 से ज्यादा ट्रक तैनात करने की योजना बना रही है, जिसे 100 ईंधन भरने वाले स्टेशनों, एश चार्जिंग स्टेशनों और बैटरी स्वैपिंग सुविधाओं के राष्ट्रव्यापी नेटवर्क से सहायता मिलेगी। इस व्यापक पहल का लक्ष्य सालाना 1 मिलियन टन तक कार्बन उत्सर्जन कम करना है। यह साझेदारी भारत के परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के ग्रीनलाइन के चल रहे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो देश के कुल कार्बन उत्सर्जन में लगभग 15% का योगदान देता है। वर्तमान में 4 मिलियन से ज्यादा ट्रक परिचालन में हैं - और यह संख्या लगातार बढ़ रही है - भारत का सड़क रसद क्षेत्र इसके सबसे ज्यादा कार्बन-गहन उद्योगों में से एक बना हुआ है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के सरकार के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, ग्रीनलाइन स्वच्छ, ज्यादा टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा देने के लिए भारी-भरकम वाहनों के बेड़े को ट्रकों में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीराम फाइनेंस के समर्थन से, इन वाहनों की तैनाती तेज और ज्यादा कुशल है, जिससे देश भर के व्यवसायों के लिए ग्रीन लॉजिस्टिक्स ज्यादा आर्थिक रूप से सुलभ हो गया है।

# जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, सोनू निगम, प्रसून जोशी समेत 25 से अधिक दिग्गजों ने लॉन्च किया गुनगुनालो भारत का पहला आर्टिस्ट-ओन ऐप

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भारतीय संगीत जगत के इतिहास में एक ऐतिहासिक दिन दर्ज हो गया जब जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, सोनू निगम, समीर अंजान, प्रसून जोशी ,सलीम मर्चेंट ,अरुणा साईराम ,हरिहरन ,आनंद - मिलिंद , मनन शाह , राजू सिंह और संगीत क्षेत्र की 30 से अधिक जानी-मानी हस्तियों की उपस्थिति में गुनगुनालो नामक भारत का पहला आर्टिस्ट-ओन कल्चरल ऐप लॉन्च किया गया। यह भव्य कार्यक्रम मुंबई के जियो वर्ल्ड, बीकेसी, बांद्रा के स्टूडियो थिएटर में आयोजित किया गया।



बता दें कि गुनगुनालो एक ऐसा डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे कलाकारों ने खुद के लिए और अपने जैसे कलाकारों के लिए बनाया है। यह ऐप न सिर्फ संगीत को समर्पित है, बल्कि कविता, कहानी और अन्य रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी स्थान देता है। इस पर ओरिजिनल कंटेंट, अनरिलीज क्लासिक, मार्गदर्शन सत्र, मास्टर क्लास, जैम सेशन, ओपन माइक और फैंस के साथ डायरेक्ट कनेक्शन जैसे फीचर्स होंगे।

गुनगुनालो के संस्थापक सदस्यों में जावेद अख्तर, शंकर महादेवन, सोनू निगम, श्रेया घोषाल, अरिजीत सिंह, प्रसून जोशी, समीर अंजान, विशाल ददलानी, अमित त्रिवेदी और अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ श्रीधर रंगनाथन द्वारा यह ऐप डेवलप किया गया है और इसके सीईओ की भूमिका में हैं शरली सिंह। गुनगुनालो को लेकर क्या बोले दिग्गजः जावेद अख्तरः 5 मई 2025 एक ऐतिहासिक दिन है। गुनगुनालो कलाकारों को अपनी मर्जी से रचना करने की आजादी देता है। यहां किसी निमार्ता या म्यूजिक कंपनी की शर्तें नहीं होंगी, बल्कि कलाकार अपनी आत्मा से संगीत रच सकेंगे। यह दुनिया भर में पहली तरह की चीज है. ऐसा पहले कहीं नहीं हुआ है. म्युजिशियन, गीतकार और गायक मिलकर एक कंपनी शुरू करें उसमे वे शेयर होल्डर हों, ऐसा ऐप है गुनगुनालो. इसमे पूरी रचनात्मक आजादी के साथ कलाकार गीत क्रिएट करेंगे और कोई कमेटी उनके काम को चेक नहीं करेगी।

शंकर महादेवनः गुनगुनालो प्लेटफॉर्म आर्टिस्ट के लिए और आर्टिस्ट द्वारा बनाया गया है।

श्रीधर रंगनाथन (संस्थापक सदस्य): पिछले 4 साल से हम लोग इस ऐप पर काम कर रहे हैं. सभी आर्टिस्ट को एक साथ लाना काफी चुनौतियों भरा काम है। दर्शकों के लिए ओरिजिनल कंटेंट है. www.goongoonalo.com पर जाकर कोई भी कलाकार या प्रशंसक रजिस्टर कर इस परिवार का हिस्सा बन सकता है। इसके अलावा सोनू निगम, समीर अंजान, प्रसून जोशी जैसे अन्य दिग्गजों ने भी अपने विचार प्रकट किया।

विशेषताएं और आगामी आयोजनः इस ऐप के अंतर्गत 'गुनगुनालो ओरिजिनल्स' के तहत श्रेया घोषाल का विशेष गीत सबसे पहले रिलीज होगा। साथ ही अरिजीत सिंह के साथ गायकी वर्कशॉप, इरशाद कामिल के साथ लिरिक्स लैब और सलीम-सुलेमान के प्रोडक्शन सेशन जैसी गतिविधियां होंगी। 'फैनवर्स' फीचर में फैंस मर्चेंडाइज डिजाइन करेंगे, क्राउडफंडिंग करेंगे और वर्चुअल मीटअप्स में हिस्सा लेंगे।

# एकम्स की नई पेटेंटेड 'टैबलेट इन टैबलेट' तकनीक से गर्भवती महिलाओं को राहत

**मुंबई।** भारत के प्रमुख फार्मास्युटिकल्स कॉन्ट्रैक्ट और मैन्युफैक्चरिंग आर्गेनाइजेशन में शुमार एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड को डॉक्सीलामीन और पाइरीडॉक्सिन का एक खास फॉर्मूलेशन बनाने का पेटेंट मिला है। यह दवा गर्भावस्था में होने वाली मतली और उल्टी की समस्या को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, ताकि महिलाओं को लंबे समय तक राहत मिल सके। गर्भवती महिलाओं को अक्सर मतली और उल्टी की समस्या होती है, जिसे ठश्ढ कहा जाता है। यह एक आम समस्या है। इससे लगभग 80% महिलाएं किसी न किसी रूप में प्रभावित होती हैं। ज्यादातर महिलाओं को गर्भावस्था के 16वें हफ्ते तक इस समस्या राहत मिल जाती है, लेकिन करीब 20% महिलाएं पूरी गर्भावस्था के दौरान इस परेशानी से जूझती रहती हैं। यह समस्या रोजमर्रा की ज़िंदगी, खानपान और संपूर्ण स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकती है। इसी चुनौती को देखते हुए एकम्स ने एक नई और पेटेंट प्राप्त दवा तैयार की है, जो लंबे समय तक इस समस्या से राहत देने में मदद करती है। यह आविष्कार मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति माना जा रहा है क्योंकि इससे गर्भवती महिलाओं को काफी लाभ मिलने वाला है। इस नई खोज की खासियत एकम्स की टैबलेट-इन-टैबलेट तकनीक है। यह टैबलेट दो हिस्सों में होती है झ बाहरी हिस्सा जल्दी असर करता है और मतली से तुरंत राहत देता है, जबकि अंदर का हिस्सा धीरे-धीरे असर करता है ताकि राहत लंबे समय तक बनी रहे। इसका मतलब है कि बार-बार दवा लेने की जरूरत नहीं पड़ती। एक ही गोली में दो तरह का फायदा मिलने से इलाज आसान हो जाता है और गर्भवती महिलाओं के लिए इसे लेना भी ज्यादा सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाता है।

कड़ी जांच और जैव-समानता (बायोइक्विवेलेंस) से जुड़े अध्ययन के बाद इस दवा को भारत के ड्रग कंट्रोलर जनरल (उब्रक्क) से मंजूरी मिल गई है। इससे यह साबित हुआ है कि यह दवा असरदार और सुरक्षित है। नियमों के अनुसार अध्ययन में शामिल लोगों की संख्या सार्वजनिक नहीं की गई है, लेकिन रिजल्ट्स से यह साफ है कि यह दवा लक्षणों को बेहतर तरीके से कंट्रोल करने में मदद करती है और मरीजों के अनुभव को बेहतर बनाती है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाप हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामी: शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाप हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## प्रयागराज स्कूलों में दिया गया आतंकी हमले से बचाव का प्रशिक्षण

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई और एयर स्ट्राइक के बाद जिले के कई स्कूलों में बच्चों को एहतियात के तौर पर आतंकी हमले के दौरान खुद को सुरक्षित रखने के साथ ही घायलों के बचाव की जानकारी दी गई। सायरन बजाकर बच्चों को विभिन्न तरीके से सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। गर्ल्स हाईस्कूल (जीएचएस), सेंट जोसेफ सहित कई विद्यालयों में अधिकारियों की मौजूदगी में बच्चों को मॉकड्रिल का अभ्यास कराया गया। इसी तरह सेंट मैरी कॉलेज में पुलिस, फायर ब्रिगेड और सिविल डिफेंस की ओर से आयोजित एक सत्र में ड्रोन कैमरे के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

## रोडवेज परिचालकों की कमी के चलते 500 चालकों की संविदा पर भर्ती

**मुरादाबाद (उत्तरशक्ति)।** मुरादाबाद परिक्षेत्र के सभी आठ डिपों में चालकों व परिचालकों की कमी है। परिचालकों की भर्ती के लिए लगे शिविर में आए करीब 600 अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन का काम जारी है। वहीं चालकों की कमी को पूरा करने के लिए आरएम ने अपने कार्यालय परिसर में 14 मई से दो दिवसीय कैंप लगाने का निर्णय लिया है। इसमें 500 चालकों की संविदा पर भर्ती की जाएगी। मुरादाबाद परिक्षेत्र के सभी आठ डिपो में कुछ समय पहले तक 892 बसें संचालित हो रहीं थीं। पिछले एक सप्ताह में 20 नई बसें परिक्षेत्र को और प्राप्त हो गई हैं। इसके साथ ही परिक्षेत्र में बसों की संख्या अब बढ़ कर 902 हो गई है। जिनके संचालन के लिए कुल 1072 चालक और 1367 परिचालक विभाग के पास हैं। इन बसों के विधिवत संचालन के लिए विभाग को करीब छह सौ चालक और इतने ही परिचालकों की आवश्यकता है। पिछले महीने यहां निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी परिक्षेत्र को 200 नई बसें देने की घोषणा कर चुके हैं। खास बात यह है कि परिक्षेत्र में जितनी बसें हैं, उनका ही विधिवत संचालन चालक, परिचालकों की कमी की वजह से नहीं हो पा रहा है। निगम मुख्यालय से करीब 200 नई बसें शीघ्र परिक्षेत्र में आएंगी।

इसको देखते हुए परिचालकों के अब चालकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू की जा रही है। क्षेत्रीय प्रबंधक ममता सिंह ने बताया कि शासन से निर्देश प्राप्त होने के बाद 14 और 15 मई को कार्यालय में कैंप लगाकर चालकों की भर्ती की जाएगी। इसकी तैयारी पूरी हो गई है। बिहार से दिल्ली, पंजाब व जम्मू के लिए एक-एक समर स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। तीनों ट्रेनें मुरादाबाद रेलवे स्टेशन से होकर गुजरेंगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत




**आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)।** दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बेलौली गांव के रोड पर मंगलवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों में से एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, बनारस जिले के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के सिकड़ी खण्डहर गांव निवासी धर्मेंद कुमार (25) पुत्र इंद्रजीत मंगलवार रात करीब 10 बजे अपने मौसेरे भाई आकाश (24) पुत्र जवाहिर, निवासी रमापुर, बनारस के साथ बाइक से बेलौली, दोहरीघाट से मेला देखकर घर लौट रहे थे। रास्ते में डिवाइडर से बाइक की टक्कर हो गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस बुलाकर दोनों को दोहरीघाट अस्पताल पहुंचाया। धर्मेंद्र की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, परिजन उन्हें लाकर मंडलीय जिला चिकित्सालय में भर्ती कराए। जहां इलाज के दौरान रात 12 बजे उनकी मौत हो गई।

## सड़क हादसे मे मां-बेटे को ट्रक ने रौंदा

**बलरामपुर।** कंधरापुर थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह 11 बजे नामदारपुर के पास एक सड़क हादसा हुआ। हादसे में मां के साथ सवारी का इंतजार कर रहे बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसकी मां के दोनों पैर ट्रक के नीचे कुचलकर कट गए। वहीं, एक बाइक सवार भी ट्रक से टकरा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की मां और बाइक सवार युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका उपचार चल रहा है। इस घटना से मृतक के घर मातम छाया हुआ है। बिलरियागंज थाना क्षेत्र के नसीरपुर वार्ड नंबर 20 निवासी सहताज (20) अपनी मां तैवून निशा (45) के साथ नामदारपुर रोड पर सवारी का इंतजार कर रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में सहताज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तैवून निशा गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं, बाइक से आ रहे अब्दुल हसीब भी ट्रक की चपेट में आकर घायल हो गए। अब्दुल हसीब मुबारकपुर थाना क्षेत्र के असाउर गांव का निवासी है। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने सहताज के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने परिवार में चार भाइयों और तीन बहनों में चौथे नंबर पर था। कंधरापुर थाना प्रभारी केके गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।



पूर्व प्राध्यापक व समाजसेवी जितेन्द्र शंकर पाण्डेय के भतीजा आयुश अनूप पाण्डेय ने इइ मेन परीक्षा में 99.31 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, अपने गुरुजनों, अपने माता पिता व परिवार का नाम रोशन किया है। मुंबई से वाराणसी आगमन पर मैने अपने भतीजे का मुंह मीठा कराते हुए आशीर्वाद दिया।

## ऑपरेशन सिंदूर शुरू होते ही मेरठ में अलर्ट



**मेरठ (उत्तरशक्ति)।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के ठिकानों पर हमले के साथ ही मेरठ में भी अलर्ट जारी कर दिया गया। सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस और खुफिया टीमें सक्रिय हो गईं। छावनी सहित बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों सहित अन्य जगहों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। एसएसपी विपिन ताडा ने सभी थानों को निर्देश दिए। वहीं, एडीजी भानु भास्कर ने देर रात ऑनलाइन मीटिंग कर पूरे जोन में सतर्कता बरतने को कहा है। वहीं, बुधवार को जिले में नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में मॉक ड्रिल होगी। हाईअलर्ट का संकेत देने के लिए एक सायरन भी बजेगा। आपातकाल में कैसे निपटा जाए, इसकी जानकारी दी जाएगी। मुख्य अभ्यास कैंट स्थित सेंट जोसफ स्कूल में शाम 4:00 बजे किया जाएगा। इस दौरान पुलिस-प्रशासन के अधिकारी मौजूद होंगे। शहर और देहात में बाजार, स्कूल-कॉलेज रोजाना की तरह ही खुलेंगे। वहीं, शाम को ब्लैकआउट करने की तैयारी भी चल रही है। मंगलवार को विकास भवन सभागार में डीएम वीके सिंह ने अफसरों के साथ बैठक कर इस बारे में दिशा-निर्देश दिए। एडीएम सिटी बृजेश सिंह ने सिविल डिफेन्स, स्काउट, एनसीसी, एनएसएस, विद्युत विभाग आदि से तैयारी के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने एयर स्ट्राइक के समय सायरन के चार साइन, रेडियो कम्यूनिकेशन, कंट्रोल रूम के बारे में बताया। सीएमओ, अग्निशमन विभाग, पुलिस क्षेत्राधिकारी और मजिस्ट्रेट को अलग-अलग टीमें बनाने के लिए कहा गया। असिस्टेंट कमिश्नर उद्योग को महत्वपूर्ण फैक्टरियों में सिक्योरिटी के लिए प्लान बनाने की बात कही। उन्होंने ब्लॉकवार व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर इसमें लोकल सीएचसी, पीएचसी, ग्राम प्रधान, पुलिस अधिकारी सहित अन्य लोगों को शामिल करने को कहा गया। ट्रेनिंग के लिए एक वार्डन को भी जोड़ने के लिए कहा गया। सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए तहसील, ब्लॉक व जिला स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप को सक्रिय रखने के लिए कहा गया है।

## पुलिस उपाधीक्षक ने किया नवनिर्मित पुलिस बूथ का उद्घाटन



जौनपुर । खुटहन थाना अंतर्गत स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौराहे पर नव निर्मित पुलिस बूथ का बुधवार को पुलिस उपाधीक्षक शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बूथ के संचालन से कस्बा वासियों को त्वरित सहायता मिलेगी। सीओ ने कहा कि अक्सर शिकायतें मिलती थी कि किसी घटना के बाद पुलिस देर से पहुंचती है। जब पुलिस स्टेशन घटनास्थल से दूर होता है तो विलंब से पहुंचना स्वाभाविक हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस बूथ के संचालन से जहां अपराध पर पर रोक लगेगी। वहीं स्थानीय लोग भयमुक्त होकर अपना काम करेंगें। चौबीस घंटे पुलिस बल तैनात रहने से व्यवसायियों से लेकर आम जन सभी खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक मुन्ना राम घुरिया,उप निरीक्षक रामविचार,राजू सिंह,नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## इमरजेंसी ड्यूटी से फिर गायब रहे रेजीडेंट डॉक्टर



**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** लखनऊ स्थित बलरामपुर अस्पताल में डिस्ट्रिक्ट रेजीडेंसी प्रोग्राम (डीआरपी) के तहत तैनात रेजीडेंट डॉक्टरों की मनमानी जारी है। 7 मई को दूसरे दिन पहली पॉली में रेजीडेंट डॉक्टर ड्यूटी से गायब रहे। मात्र एक मेडिकल अफसर (ईएमओ) व इंटर्न के भरोसे इमरजेंसी ओपीडी का संचालन हुआ। इससे मरीजों के इलाज और भर्ती में अड़चन आई। अस्पताल प्रशासन ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। आपात बैठक कर गैरहाजिर रहने वाले रेजीडेंट डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है। इमरजेंसी में मरीजों को त्वरित और बेहतर इलाज मुहैया कराने के लिए डीआरपी रेजीडेंट की तैनाती की गई है। ये डॉक्टर पीजी की पढ़ाई के साथ सेवाएं देते हैं। इमरजेंसी की हर पाली में दो रेजीडेंट की तैनाती की व्यवस्था है, लेकिन रेजीडेंट डॉक्टर ड्यूटी नहीं कर रहे। 5 मई की दोपहर 12 बजे मेडिकल अफसर व दो इंटर्न ने इमरजेंसी ओपीडी संभाली, जबकि रेजीडेंट ड्यूटी से गायब रहे। जानकारी पर अस्पताल निदेशक ने आनन-फानन में बैठक बुलाई। सभी विभागों के अध्यक्षों के साथ मीटिंग के बाद पत्र जारी किया कि कोई अनुपस्थित होता है, तो संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को ऐसे डॉक्टरों की गैरहाजरी की रिपोर्ट अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

बलरामपुर अस्पताल की इरमजेंसी में 140 से अधिक बेड हैं। 24 घंटे में औसत 120 से अधिक मरीज भर्ती किए जाते हैं। इससे यहां हमेशा मरीजों का दबाव रहता है। अस्पताल के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिली थी कि इमरजेंसी में कई डीआरपी वाले डॉक्टर ड्यूटी नहीं करते हैं। गैरहाजिर रहने वालों को नोटिस दिया गया है। यह भी नियम बना है कि जानकारी दिए बिना ड्यूटी से गायब रहने वाले को अनुपस्थित मानकर उसकी रिपोर्ट संबंधित मेडिकल कॉलेज को भेजी जाएगी।

## टेंडर हट्र्स इंटरनेशनल स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन



**पटना(उत्तरशक्ति)।** टेंडर हट्र्स इंटरनेशनल स्कूल में मॉक ड्रिल भारतीय शास्त्र सेना के अधिकारी हमारे फौजी भाई द्वारा मॉक ड्रिल करवाया गया। युद्ध के स्तिथि में साईरन बजने पर क्या-कया सतर्कता बड़तनी चाहिए इसकी भी जानकारी दी गई। जैसे 7 मई को हवाई हमले से बचने की ड्रिल करवाई जा रही है ताकि हम सुरक्षित रहें और मानसिक रूप से तैयार हों। घबराएं नहीं। बच्चों को अवश्य जागरूक करें। हवाई हमले से बचाव की चेकलिस्ट मोबाइल में सेव करके रखें। 1. अलर्ट और सतर्कता : एयर रैड सायरन की आवाज पहचानें, मोबाइल या रेडियो पर सरकारी अलर्ट सुनें, अफवाहों पर विश्वास न करें, केवल आधिकारिक सूचना पर ध्यान दें। 2. सुरक्षित स्थान (शरणस्थल) : निकटतम बंकर या शरणस्थल की जानकारी रखें, अपने घर में मजबूत, बिना खिड़की वाला कमरा तैयार रखें, शरणस्थल तक जल्दी पहुँचने का रास्ता पहले से तय करें। 3. जरूरी वस्तुएँ तैयार रखें : पीने का पानी (कम से कम 3 दिन का), सूखा भोजन (बिस्किट, ड्राई फ्रूट्स आदि), प्राथमिक चिकित्सा किट, टॉर्च और एक्स्ट्रा सेल, पोर्टेबल रेडियो, जरूरी दस्तावेज (आईडी, मेडिकल रिपोर्ट, बैंक डिटेल्स), मोबाइल चार्जर / पावर बैंक। 4. अंधेरा और सुरक्षाः रात में सभी लाइटें बंद रखें (ब्लैकआउट), खिड़कियों पर मोटे पर्दे, काले कागज या ब्लाइंड लगाएँ, शीशे से दूर रहें, जमीन पर लेट जाएँ। 5. अभ्यास और तैयारी : परिवार के साथ हवाई हमले की ड्रिल करें, बच्चों को सुरक्षित स्थान और प्रक्रिया सिखाएँ, पड़ोसियों के साथ आपसी सहयोग सुनिश्चित करें। 6. हमले के बाद क्या करें : बाहर तभी निकलें जब सरकारी निर्देश मिले, घायल हों तो प्राथमिक उपचार करें, संदिग्ध वस्तु या बम दिखे तो छुए नहीं पुलिस को सूचित करें।

## महारानी पश्चिम गांव में श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए भक्तों की भारी भीड़



सुल्तानपुर। जनपद के चांदा क्षेत्र में स्थित महारानी पश्चिम गांव में पंडित शेषनाथ मिश्र तथा पंडित अमरनाथ मिश्र के यहां 4 मई से चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में भारी संख्या में लोग कथा सुनने के लिए आ रहे हैं। 3 मई को कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो महिलाओं ने भाग लिया कथा का समापन 11 मई को पूर्णाहुति तथा हवन के साथ होगा। 12 मई को महाप्रसाद का भव्य आयोजन किया गया है। पूर्वांचल के प्रख्यात कथावाचक प्रकाश चंद्र पांडे विद्यार्थी महाराज व्यास पीठ पर अपनी मधुर और ओजस्वी वाणी में लोगों को सनातन धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दे रहे हैं। उनकी कथा सुनने के लिए भारी संख्या में लोग प्रतिदिन कथा स्थल पर पहुंच रहे हैं। कथा का समय शाम 4 बजे से शाम 8 बजे तक रखा गया है। अयोध्या के पूज्य गुरु वेंकटेश्वर महाराज का आशीर्वाद भी लोगों को प्राप्त हो रहा है। पवन मिश्र, अशोक मिश्र, मनोज मिश्र, राहुल मिश्र, अरुण मिश्र, वरुण मिश्र, अभिषेक मिश्र, वीरेश, अभिनव समेत अनेक लोग कार्यक्रम की व्यवस्था में लगे हुए हैं। महापौर पुरस्कृत सेवानिवृत मनपा शिक्षक रामबली त्रिपाठी भी अपने पूरे परिवार के साथ कथा का श्रवण कर रहे हैं।

## तमंचा सटाकर जनसेवा केंद्र संचालक से ढाई लाख की लूट

गाजीपुर (उत्तरशक्ति)। मौधा बाजार में सोमवार की रात बाइक सवार लुटेरों ने जनसेवा केंद्र संचालक को तमंचा सटाकर ढाई लाख रुपये लूट लिया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी तमंचा लहराते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ के बाद उसका मोबाइल कब्जे में लेकर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी।

सोनियापार निवासी परमजीत जगदीश नगर चौराहे पर जनसेवा केंद्र का संचालन करते हैं। वह रात में दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। मौधा बाजार स्थित गैंस एजेंसी से पूर्व दो बाइकों पर सवार चार लुटेरों ने केंद्र संचालक की बाइक को धक्का मारकर सड़क पर गिरा दिया। जब तक वह कुछ समझ पाते, एक लुटेरे ने तमंचा सटाकर दो लाख से भरा बैग, फिंगर प्रिंट मशीन, लैपटॉप और मोबाइल लेकर फरार हो गए। लुटेरे वारदात को अंजाम को देकर नायकडीह लौलहां की तरफ निकल गए। पीड़ित ने लूट की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ करने के बाद नाकेबंदी कर लुटेरों को चिह्नित करने में जुट गई। इधर लूट की घटना से ग्रामीणों में दहशत है। थानाध्यक्ष शैलेद्र प्रताप सिंह ने बताया कि लुटेरों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## दूध लदे टैंकर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गोरखपुर,गीडा।** गोला थाना क्षेत्र के धौरहरा निवासी कृष्णकांत दुबे अपने पुत्र ऋषभ दुबे (22) के साथ गीडा के तेनुआ टोल के पास रहते थे। वह वहीं एक फैक्टरी का वाहन चलाते थे। मंगलवार को उनका पुत्र ऋषभ बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहा था।

प्यास लगने के बाद टोल प्लाजा के पास स्थित एक दुकान पर पानी पीने निकला। इसके बाद महज 20 मीटर आगे बढ़ा था कि बस्ती की तरफ से आ रहे दूध लदे टैंकर ने टक्कर मार दी, जिससे ऋषभ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गीडा एसओ विजय सिंह ने बताया कि इस संबंध में अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर वाहन चालक के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया



**पटना (उत्तरशक्ति)।** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने एमजी विंडसर प्रो को लॉन्च किया है, जो व्यावसायिक श्रेणी की यात्रा को और भी आरामदायक और सुरक्षित बनाने वाला है। इस नए मॉडल में उन्नत तकनीकी सुविधाएं और सुरक्षा फीचर्स के साथ 52.9केडब्लूएच की नई बैटरी शामिल की गई है। लॉन्च के बाद से एमजी विंडसर को ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है, और अब प्रो सीरीज की शुरूआत इसके बाजार में प्रदर्शन को और मजबूत बनाएगी। एमजी विंडसर प्रो को एक आकर्षक प्रारंभिक बीएएएस मूल्य 12.49 लाख रुपये प्लस 4.5 रुपये प्रति किमी और एक्स-शोरूम कीमत 17,49,800 रुपये (पहली 8,000 बुकिंग्स के लिए वैध) पर लॉन्च किया गया, एमजी विंडसर प्रो इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से बदलाव को बढ़ावा देने का वादा करता है। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने अपने बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) मॉडल की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और कोटक महिंद्रा प्राइम जैसे नए वित्तीय साझेदारों को अपने साथ जोड़ा है। यह स्वामित्व मॉडल ईवी खरीदने को भारतीय ग्राहकों के लिए अधिक लचीला और सुलभ बनाता है। कंपनी एमजी विंडसर प्रो के पहले मालिक को जीवनभर की बैटरी वारंटी प्रदान करेगी। इसके अलावा, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया एमजी विंडसर प्रो के लिए अपनी 3-60 आश्वस्त बायबैक योजना भी पेश करेगी, जो यह सुनिश्चित करती है कि 3 साल बाद इसका 60 प्रतिशत मूल्य बना रहेगा। एमजी विंडसर प्रो के लॉन्च पर बात करते हुए, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक अनुराग मेहरोत्रा ने कहा, ₹एमजी विंडसर ने भारत के 4डब्लू -इवी सेगमेंट की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, अपनी आकर्षक मूल्य प्रस्तावना के साथ ग्राहकों का विश्वास जीता है।

## बदमाशों ने पुलिस टीम पर चलाई गोली, मुठभेड़ दो गो-तस्करों को लगी गोली



वाराणसी (उत्तरशक्ति)। गाजीपुर जिले के बहरियाबाद और सादात थाने की संयुक्त पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो गो-तस्करों को गिरप्तार कर लिया। दोनों तस्करों के पैर में गोली लगी है। आरोपियों के कब्जे से दो देसी तमंचा 315 बोर, दो कारतूस और दो कारतूस के अलावा एक बिना नंबर प्लेट का पिकअप बरामद किया। पिकअप पर 11 संरक्षित पशु लदे हुए थे। थानाध्यक्ष बहरियाबाद मिजार्पुर में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पखनपुरा की तरफ से तेज रफ्तार में एक बिना नंबर प्लेट की पिकअप आती हुई दिखी। गाड़ी नीले रंग के त्रिपाल से ढकी हुई थी। पुलिस ने संदिग्ध प्रतीत होने पर रुकने का इशारा किया तो पुलिस फोर्स के ऊपर चढ़ाने का प्रयास करते हुए प्यारेपुर चट्टी की तरफ भागने लगे। थानाध्यक्ष बहरियाबाद दूरभाष के जरिये जनपद नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) इकाई को व थाना प्रभारी सादात को सूचित करते हुए उनका पीछा किया गया। सूचना पर अग्रिम कर्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सादात मय टीम व थानाध्यक्ष बहरियाबाद मय टीम उक्त पिकअप वाहन व गो-तस्करों को मिजार्पुर-सादात के रास्ते पर दोनों तरफ से घेर लिया। इसके बाद पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराकर रुक गई। गो-तस्करों ने पिकअप से नीचे उतरकर पुलिस टीम को निशाना बनाकर जान से मारने की नीयत से देशी तमंचे से फायर किया गया। इस पर पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई, जो दोनों के पैर में लगी। जबकि दो अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। घायल बदमाशों ने अपना नाम नंदगंज थाना क्षेत्र के पचरासी निवासी सोनू यादव और बहरियाबाद थाना क्षेत्र के लक्षिरामपुर निवासी सभाजीत यादव उर्फ शालू बताया।












## पूर्व कांग्रेसी नेता का निजी स्कूल बना प्रेम प्रसंगों का अड्डा, स्थानीय लोग परेशान

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर के एक पूर्व कांग्रेसी नेता के निजी स्कूल को लेकर इन दिनों आम चौक-चौराहों से लेकर गलियों तक चचाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों के मुताबिक, इस स्कुल में शिक्षा के नाम पर कुछ और ही ₹पाठ₹ पढ़ाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्कुल में शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत अन्य स्टाफ खुलेआम प्रेम प्रसंगों में लिप्त हैं।बताया जा रहा है कि स्कूल के भीतर ही प्रेमी-प्रेमिकाओं के मिलने-जुलने का सिलसिला बेधड़क जारी है।जिससे आसपास के लोग बेहद परेशान हैं। मोहल्लेवालों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में नैतिकता और अनुशासन का उल्लंघन हो रहा है, जो कि आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक साबित हो सकता है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस स्कुल की गतिविधियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो स्कूल पर अविलंब कार्रवाई की जाए। लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो भविष्य में नाबालिग लड़के-लड़कियों के लापता होने जैसी घटनाएं आम हो सकती हैं।

## चोरो का हौसला बुलंद भारी मात्रा में जेवरात लेकर हुए नौ दो ग्यारह



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्शा स्थानीय थाना क्षेत्र के चकमुरली गांव निवासी दान बहादुर यादव के घर बीती रात हौसला बुलंद चोरो ने भारी मात्रा में सोने चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरी की भनक लगते ही पुरे परिवार में मातम छा गया। परिवार का रो रो कर बुरा हाल है। पीड़ित ने सुबह स्थानीय थाना बक्शा पर लिखित तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि छत के सहारे चोर घर के अंदर प्रवेश कर पहले दरवाजा का ताला तोड़ा फिर आलमारी का लाकर तोड़ कर आठ सोने की चैन एक चांदी का छागल एक चांदी का करधन तीन सोने की अंगूठी चोरों द्वारा चुरा ले गए। घटना के समय परिवार बाहर सोए हुए थे। उधर हौसला बुलंद चोर कई लाखों का जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## अफवाह पर ध्यान ना दे सायरन बजने के साथ शुरू हुआ मॉक ड्रील

-शिव कुमार प्रजापति



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज पुलिस ने किया मॉक ड्रील, आम जनमानस में सुरक्षा सतर्कता जागृत करने के लिए तथा आपदा की स्तिथि में सायरन पहचानने, ब्लैक आउट की जानकारी दी गयी और अफवाहों से बचने को कहा गया। क्षेत्राधिकार शाहगंज ने पीआरवी और थाने की फोर्स के साथ धमाका कर हर परिस्थितियों से निबटने का गुर सिखाया। सेंट थॉमस इंटर कॉलेज में सायरन की आवाजों के साथ शुरू हो गया मॉक ड्रील, कहीं गोलाबारी तो कहीं बंदूक की आवाज ऐसे में सैकड़ो की संख्या में जनमानस आबादी को बचाने का गुण पुलिस बल एक्सपर्ट के द्वारा बताया गया। क्षेत्राधिकार अजीत सिंह चौहान ने बताया कि यह मिलिट्री ट्रेनिंग भारतवर्ष में चल रही है एनसीसी सहित तमाम लोग इसमें बचाव के गुण सीख रहे हैं। अगर कोई आपदा या आकस्मिक स्थिति एयर स्ट्राइक जैसी स्थिति बनती है तो उसके लिए यह तैयारी है। हमारी जितनी भी संस्थाएं हैं चाहे सिविल डिफेंस हो या डॉक्टर या पुलिस स्टाफ या आर्मी विभाग इन्हे और परिपूर्ण किया जा रहा है। साथ में बच्चो के साथ जनमानस को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है। कि यह बच्चे अपने गांव आसपास में भी यह संदेश बता सके कि अगर कोई आपदा आती है तो कैसे बचा जाए। इस प्रकार आकस्मिक आपदा में गांव में भी बढ़कर बच्चे बचाव कार्य कर सकते हैं। जिसके लिए हमें अपने आप को तैयार रखना होता है। लेकिन अफवाह पर बिल्कुल ध्यान ना दे। उक्त अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ यूपी जिला अधिकारी राजेश कुमार चौरसिया गिरीश कुमार यादव लेखपाल ऋतुराज सहित तमाम विभागों के कर्मचारी एवं जनमानस उपस्थित रहे। गेटन की विगत दिनों पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में भारत सरकार द्वारा ऑपरेशन सिंदूर में तमाम आतंकवादियों को मार गिराया गया जिसके बाद देश में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया।

## बोर्ड बैठक में 33.82 करोड़ के बजट को मिली मंजूरी



-धर्मेंद्र कुमार शर्मा

बदलापुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर पंचायत कार्यालय में बुधवार को बोर्ड की बैठक आहूत की गई। जिसमें क्षेत्रीय विधायक रमेश चन्द्र मिश्र की उपस्थिति में नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ?33.82 करोड़ के बजट के प्रस्ताव को मौजूद मेंबरों के द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना, पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, सीवर एवं जल निकासी, पेयजल व्यवस्था तथा झील/तालाब संरक्षण योजनाओं के तहत प्राप्त ?869.18 लाख की विभिन्न परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई। बैठक में महाराणा प्रताप की प्रतिमा की स्थापना, महराजगंज रोड एवं घनश्यामपुर रोड पर स्वागत द्वार निर्माण, विभिन्न वार्डों में वाटर कूलर, नगर में अस्पताल, मैरेज हॉल निर्माण तथा होर्डिंग-बैनर पर टैक्स लगाने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा नगर पंचायत कार्यालय में स्टोर रूम व शौचालय निर्माण तथा अवैध भीटा तालाब से कब्जा हटाने की स्वीकृति भी दी गई। इसके अलावा प्रत्येक वार्डो में पेयजल के लिए एक-एक नलकूप लगाने का प्रस्ताव भी पास हुआ है। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी डॉक्टर योगिता सिंह अधिशासी अधिकारी आस्था पाठक, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधिवैभव सिंह लिपिक प्रवेश कुमार सिंह कार्यालय प्रभारी सुशील उपाध्याय सुपरवाइजर अजय शर्मा सहित वार्डों के सभासदगण व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोबाइल की दुकान से नकदी समेत लाखों की चोरी

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सरपतहां थाना क्षेत्र के रूधौली बाजार मोबाइल की दुकान से लाखों रुपए कीमत के सामान और नकदी चोरी होने की घटना प्रकाश में आई है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी देवी प्रसाद पुत्र सुक्खू रूधौली बाजार स्थित अपने निजी मकान में मोबाइल आदि की दुकान खोल रखी है। घटना बीते मंगलवार रात की है। जब चोर शटर का ताला तोड़कर दुकान के भीतर घुस गये और दुकान से कीपैड मोबाइल, ईयर बड, स्मार्ट वाच, सोनाटा, टाइटन वाच, ब्लू टूथ आदि सामान के साथ दुकान में रखा गया 8000 नकदी लेकर फरार हो गये। पीड़ित सुबह जब शटर का ताला टूटा देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। पीड़ित के अनुसार चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है।पीड़ित ने चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाने पर लिखित तहरीर दी है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

## भारतीय सेना पर गर्व है, सभी भारतीय अपने सेना पर गौरवान्वित महसूस कर रहे है : पुष्पराज सिंह

*** ये दिल मांगे मोर₹ अभी जनता अपने भारतीय सेना से इससे भी बड़ी उम्मीद करती है**

*** ऑपरेशन सिंदूर के बाद लोगों का सरकार पर और भरोसा बढ़ गया है : आमोद सिंह**

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिह ने आपरेशन सिंदूर के सफलता पर खुशी मनाते हुये कहा कि हमे भारतीय सेना पर गर्व है।सभी भारतीय अपने सेना पर गौरवान्वित महसूस कर रहे है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के अंदर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया जिसमे आतंकी सरगना हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने शामिल हैं। सेना ने पाकिस्तान के 100 किलोमीटर अंदर मिसाइल हमले कर नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया। उन्होंने आगे कहा कि यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए वीभत्स आतंकी हमले के शिकार नागरिकों और उनके परिवारों को न्याय देने के लिए किया जिन ठिकानो में आतंकियों को प्रशिक्षित किया जाता था उसको ही टारगेट किया गया और तारीफ कि बात यह है कि इसमें यह ध्यान रखा गया कि रिहाइशी इलाकों और आम नागरिकों को नुकसान न पहुंचे। उन्होंने आगे कहा 22 अप्रैल 2025 को लश्कर-ए-तैयबा से पाकिस्तान से प्रशिक्षित आतंकियों ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर बर्बरतापूर्ण हमला कर 25 भारतीयों और एक विदेशी नागरिक को कायरतापूर्ण तरीके से मार दिया यह मुंबई हमले के बाद आतंकी हमलों में आम नागरिकों के मारे जाने की सबसे गंभीर घटना थी इस हमले में वहां मौजूद लोगों को करीब से और उनके परिवार के सामने सिर पर गोली मारी गई थी यह नसीहत भी दी गई कि वे हमले का संदेश पहुंचाएं। यह जम्मू-कश्मीर में बहाल हो रही सामान्य स्थिति को बाधित करने के लिए हुआ था इस हमले का उद्देश्य पर्यटन को प्रतिकूल रूप से नुकसान पहुंचाना था।

उन्होंने कहा कि आज सुबह भारत ने सीमा पार हमलों को रोकने और उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। यह कार्रवाई नपी-तुली और बिना उकसावे वाली रही। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ही मोदीजी ने सेना को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी थी इसके बाद से ही कुछ बड़ा होने की संभावना थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बहुत सोच-समझकर किया गया है जल्दबाजी में नहीं किया गया है मोदी जी दूसरे दिन जब वापस आए हैं। उसी दिन अपनी प्रतिक्रिया दे दी थी कि हम कुछ बड़ा करेंगे। पाकिस्तान के घर में घुसकर मारेंगे ऐसे काम करने में हमारी तीनों सेनाएं सक्षम हैं। जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह ने खुशी जाहिर करते हुये कहा कि ₹ये दिल मांगे मोर₹ अभी जनता इससे भी बड़ा उम्मीद करती है अपने भारतीय सेना से इसलिए ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के लोगों को सरकार पर भरोसा और बढ़ गया है पाकिस्तान को बहुत समय दिया गया कि वह आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगाए, लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले के बाद हमने बता दिया था कि अब छोड़ेंगे नहीं भारतीय सेना ने सराहनीय काम किया है पाकिस्तान की हर हरकत का जवाब देने के लिए सेना तैयार है ऑपरेशन सिंदूर में किसी आम नागरिक को नहीं मारा गया है। सभी ठिकाने आतंकियों के थे सेना ने ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे आमजन को हानि हो। आतंकी ठिकानों की पूरी जानकारी होने के बाद ही यह सैन्य कार्रवाई की गई है हवा में कार्रवाई नहीं की गई है राफेल ने दिखा दिया कि वह कितना अच?छा वैपन सिस्टम है मुझे पूरी आशा है कि पाकिस्तान के नागरिक भी अब समझते हैं कि उनकी ही सरकार की तरफ से आतंकी कार्रवाई होती है।जिसकी वजह से वहां के आम नागरिक को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को जवाब देने के लिए भारतीय सेना हर मोर्चे पर तैयार है जंग के माहौल को देखते हुए पूरे भारत में मॉकड्रिल भी हो रही है अगर ऐसी स्थिति बनती है।तो आमजन को भी अपने बचाव के तरीके बताए जा रहे है देश पूरी तरह से तैयार है इस कार्रवाई के बाद पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिजनों को आत्मशांति मिली होगी। भरोसा बढ़ा है कि सरकार ने बदला लेने में सक्षम है।

## पंजाब नेशनल बैंक ने मार्च तिमाही में 4567 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया

मुंबई। पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने मार्च तिमाही (Q4 FY2025) के नतीजे जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही बैंक ने अपने शेयरधारकों को डिविडेंड देने का ऐलान भी किया है। एक्सचेंज को दी जानकारी के मुताबिक, पीएनबी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 145 फीसदी डिविडेंड की सिफारिश की है। 145 फीसदी डिविडेंड का मतलब है कि हर 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले शेयर पर 2.90 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। हालांकि, यह भुगतान शेयरधारकों की मंजूरी के बाद ही होगा जो बैंक की आगामी एजीएम में ली जाएगी। बैंक ने बताया कि 24वीं एजीएम शुक्रवार, 27 जून 2025 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग या अन्य डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी। इस बैठक में डिविडेंड को मंजूरी दी जाएगी। फिलहाल, बैंक ने डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। यह तारीख बाद में तय की जाएगी और इसकी जानकारी एक्सचेंज को दी जाएगी। मार्च 2025 तिमाही में पीएनबी का मुनाफा 51% की छलांग लगाकर 4567 करोड़ रुपये पहुंच गया है। पिछले साल इसी तिमाही में बैंक का मुनाफा 3019 करोड़ रुपये था। यानी साल-दर-साल आधार पर बैंक का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा है। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम भी हल्की बढ़ोतरी के साथ 3% बढ़कर 10,757 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 10,363 करोड़ रुपये था। PNB बोर्ड ने एक और अहम फैसला लिया है। बैंक अब 2025-26 में 8000 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाएगा। यह फंड दो हिस्सों में जुटाया जाएगा-4000 करोड़ रुपये तक के एडिशनल टियर-क बॉन्ड्स और 4000 करोड़ रुपये तक के टियर-क्क बॉन्ड्स के जरिए। यह पूंजी एक या अधिक किस्तों में जुटाई जा सकती है।

## मॉक ड्रिल : सायरन के साथ कई जगहों पर ब्लैकआउट

-सुरेश गांधी



वाराणसी। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निदेर्शानुसार काशी में भी मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान हवाई हमले की चेतावनी के संकेतों के बीच विभिन्न चौक चौराहों और बाजारों में सायरन की आवाज गूंजी। लोगों ने अपनी अपनी लाइटें बंद कर दी। दस मिनट तक ब्लैकआउट में रहा। लोगों ने अपने अपने घरों और प्रतिष्ठानों की लाइट को पूरी तरह ऑफ कर दिया। सड़क पर दौड़ रही वाहनों ने अपनी अपनी लाइट को बंद कर सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी कर दी और सिविल डिफेंस नागरिक सुरक्षा मंत्रालय, होमगार्ड आपदा प्रबंधन विभाग, दमकल विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जिला पुलिस और प्रशासन के आह्वान का पालन करते हुए ब्लैक आउट में सहयोग दिया। युद्ध के दौरान सावधानी बरतने टिप्स दिए गए। रेड अलर्ट सायरन बजने के बाद अलर्ट रहने की जानकारी दी गई। अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई। तीन चरणों में मॉक ड्रिल किया गया। पहले चरण में सायरन बजाकर किया गया जागरूक उसके बाद सुनाई दी धमाकों की आवाज। दूसरे चरण में धमाकों में घायल हुए लोगों को प्राथमिक चिकित्सा चौकी पहुंचाया गया, धमाकों से लगी आग बुझाई गई। तीसरे चरण में एम्बुलेंस की मदद से कुछ लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। मॉक ड्रिल के माध्यम से मध्य रेलवे ने किसी भी तरह की स्थिति से निपटने के लिए अपनी सतर्कता का प्रदर्शन किया है और ड्रिल के माध्यम से आम आदमी को सचेत करने की कोशिश की है. वाराणसी एयरपोर्ट पर 15 मिनट तक ब्लैक आउट किया गया। सभी लाइटों को बंद कर आपातकालीन स्थिति के लिए अभ्यास किया गया। इस दौरान लोगों को सुरक्षा उपायों के प्रति जानकारी दी गई। आपातकालीन समय में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बताया गया कि जब भी सायरन बजे जहां हैं, वहीं लेट जाएं। एयरपोर्ट संपर्क मार्ग की लाइटें भी की बंद कर दी गईं।

ब्लैक आउट का समय रात नौ से 10 बजे तय किया गया था। हालांकि, एयरपोर्ट निदेशक ने 7 से 7:15 बजे तक ब्लैक आउट की पुष्टि की है। इससे पहले काशी की विश्वविख्यात गंगा आरती में ऑपरेशन सिंदूर की झलक दिखी। सुबह छह बजे से पुलिस लाइन से मॉक ड्रिल शुरू हुई। इसके बाद शहर के प्रमुख चौराहे, घाट, बरेका, रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और सभी ग्राम पंचायतों और विद्यालयों में मॉक ड्रिल कराई जा रही है। काशी विश्वनाथ धाम में भी किसी भी आपात स्थिति ने निपटने के लिए लोगों को प्रशिक्षित किया गया। सायरन बजते ही क्या करना है, इसे लेकर सतर्क किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजने पर क्या करना है, उसको भी समझाया गया। मैदान में दो हथगोला भी छोड़ा गया। इसके बाद घायलों को कैसे राहत पहुंचाना है उसका भी डेमो किया गया। यूपी कॉलेज में भी माक ड्रिल हुई। इस दौरान सिविल डिफेंस वार्डेन, एनसीसी कैडेट्स के साथ आपदा से बचाव के उपाय को लेकर लोगों को जागरूक किया। इसी क्रम में हमले की सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के अंदर घुस गई।

## आतंकिस्तान में बम फूटे, काशी में पटाखे... सड़कों पर जश्न, गूंजा जय हो मोदी!

वाराणसी। भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेते हुए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 9 आंतकी ठिकानों को तबाह कर दिया है। इसकी सूचना अलसुबह मिलते ही पूरे काशी में राष्ट्रभक्ति का माहौल है. इससे काशीवासी न सिर्फ खुशी से झूम उठे, बल्कि सड़कों पर उतरे गए, जमकर एक दुसरे को बधाई देते हुए आतिशबाजी की और मिठाई बांटी। भाजपाईयों के हाथों में तिरंगा था, तो आम जनमानस पटाखे फोड़ने में मशगूल दिखे। पूरे दिन भारतीय सेना जिंदाबाद, पीएम नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद, अजित डोवाल जिंदाबाद के नारे गूंजते रहे। लोगों ने पाकिस्तान पर ये हमला तो अभी झांकी है, लाहौर करांची बाकी है के नारे भी लगाए। इस दौरान लोगों ने प्रधानमत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना के इस साहसिक कदम को सलाम किया और कहा कि यह पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को सच्ची श्रद्धांजलि है. वक्त की मांग है पाकिस्तान को पाकिस्तान के नक्शे से हटाना चाहिए. इसे लेकर काशी के संत ने भारतीय सेना को आशीर्वाद और बधाई भी दी है। अखिल भारतीय संत समिति और गंगा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने भारतीय सेना को आशीर्वाद देते हुए कहा कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को मिट्टी में मिलाया है। अखिल भारतीय संत समिति उन सभी रक्षकों के पीछे चट्टान की तरह खड़ा रहेगा। राष्ट्र के लिए समर्पित रहेंगे। भारतीय सेना द्वारा आज रात में पाकिस्तान के अन्दर घुस कर एयर स्टाईक किए जाने का स्वागत है। हज कमेटी उत्तर प्रदेश सरकार सदस्य, एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सरवर सिद्दीकी ने कहा कि भारतीय सेना द्वारा नौ स्थानों पर सफलता पूर्वक किए गये एयर स्टाईक निश्चित रूप से एक साहसिक कार्य है। आतंकवादीयो के अड्डों को नष्ट कर दिया, ताकि आतंकवादीयो के दिल में डर भय पैदा हो जाए। दोबारा भारत में आतंक वादी हरकतें न करें। पाकिस्तान हमेशा भारत के विरुद्ध आतंकवादीयो को प्रशिक्षण,हथियार, धन मुहैया कराता है। श्री सिद्दीकी ने कहा कि भारतीय सेना विश्व की महान सेना है। पीएम नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री की कार्यवाही स्वागत योग्य है. देश का हर नागरिक इसका स्वागत करता है।

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर के नेतृत्व में लोहता में शौर्य जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़ी संख्या में हिन्दू, मुस्लिम सहित स्थानीय लोग शामिल हुए। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है। जिस साहस और रणनीतिक दक्षता के साथ सेना ने पाकिस्तान व पीओके के आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, वह कम है। जिला अध्यक्ष एवं एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि एवं क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि मोदी ने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी, जिससे यह ऑपरेशन संभव हो सका। आज पूरे देश की जनता को भारतीय सेना की बहादुरी और सरकार की नेतृत्व क्षमता पर पहले से कहीं अधिक भरोसा बढ़ा है। रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के देल्हना भदवर स्थित अष्टभुजा मंदिर पर पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा उदयभान सिंह उदल तथा रोहनिया के पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में तिरंगा झंडा के साथ विजय जुलूस निकाला गया। विजय जुलूस के दौरान जय हिंद तथा भारत माता की जय का नारा लगाते हुए आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनायी।

## मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों का लगातार तीसरे दिन विरोध प्रदर्शन, डिमोशन और वेतन कटौती को लेकर जताया आक्रोश



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। जिले के उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज में कार्यरत करीब 300 से अधिक स्टाफ कर्मियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध 3 दिनों से कॉलेज परिसर के बाहर चिलचिलाती धूप में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें उनके मूल पद से हटाकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद पर नियुक्त कर दिया गया है, साथ ही उनका वेतन भी लगभग 4000 से 5000 तक कम कर दिया गया है। प्रदर्शनकारी ने बताया कि न केवल मेडिकल कालेज में बीते तीन साल से कर्मचारी नर्स सहित तमाम पदों पर सेवा दे रहे, अचानक मेडिकल कालेज प्रशासन ने मूल पद से हटा दिया और वेतन कटौती आदेश दे दिया,मेडिकल कालेज के इस तुगलकी फरमान से कई रोजगार युवाओ बेरोजगार होने के मुकाम पर खड़े हो गए है। मेडिकल कॉलेज के अंदर उनके लिए बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। महिला कर्मचारी नर्सो ने मेडिकल कालेज पर प्रशासन पर यह आरोप लगाया कि कॉलेज परिसर के अंदर न तो उचित रहने की व्यवस्था है, न ही बाथरूम की व्यवस्था है, जिसके कारण इन महिला कर्मचारी को 500 मीटर दूर जाकर शौचालय के लिए जाना पड़ता है। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने मीडिया से बताया कि जल्द ही उन्हें नौकरी से हटाया जा सकता है और इसके बाद नई नियुक्तियों के नाम पर पैसों की वसूली की जाएगी। इस गंभीर मुद्दे को लेकर स्टाफ कर्मियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकल पाया है। कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें उसी पद पर बहाल किया जाए जिस पर उनकी मूल नियुक्ति हुई थी। उनका कहना है कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो वे मेडिकल कॉलेज के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने को मजबूर हो सकते है।

## पहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरूआत

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने बुधवार को कहा कि ह्यऑपरेशन सिंदूर' पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के लिए न्याय की शुरूआत है। भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिनमें बहावलपुर का जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। आरएसएस के राष्ट्रीय मीडिया एवं प्रचार विभाग के प्रमुख सुनील आंबेकर ने ह्यएक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ह्यह्यपहलगाम के पीड़ितों के लिए न्याय की शुरूआत ह्यऑपरेशन सिंदूर'। न्याय हुआ।



राष्ट्रीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैविनेट मंत्री महाराष्ट्र महादेव जानकर लोक सभा विपक्ष कें नेता राहुल गांधी से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात करते हुए । जिसमें 31 मई को तालकटोरा स्टेडियम में राजमाता अहिल्याबाई के जयंती पर आयेजित कार्यक्रम में शालि होने का निमंत्रण दिया।

छाया: शीला रामलाल यादव

## पाक का समर्थन किए जाने से तुर्की और अजरबैजान पर फूटा गुस्सा

नई दिल्ली। भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए गए सर्जिकल स्ट्राइक के बाद तुर्की और अजरबैजान द्वारा पाकिस्तान को समर्थन दिए जाने के बाद भारत में इन दोनों देशों के खिलाफ गुस्सा फुट पड़ा है। भारतीय नागरिक सोशल मीडिया पर इन दोनों देशों का बहिष्कार किए जाने की मुहिम चला रहे हैं। सोशल मीडिया के यूजर्स तुर्की को सांप बता रहे हैं और तुर्की की एयरलाइंस और अन्य सामान के बायकाट की मुहिम चलाई जा रही है। यूजर्स का कहना है कि भारत ने तुर्की में आए भूकंप के दौरान सबसे पहले सामान भेज कर उसकी मदद की और जब पाकिस्तान के भेजे आतंकियों ने पहलगाम में आतंकी हमला किया तो तुर्की ने पाकिस्तान में अपने जंगी जहाज भेज दिए। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के वरिष्ठ फेलो सुशांत सरीन ने भारतीय नीति-निमार्ताओं की आलोचना करते हुए लिखा, हम सांपों को खाना खिलाते हैं और फिर आश्चर्य करते हैं कि वे क्यों डसते हैं। तुर्किए हमसे लाभ उठाता है और फिर हमें खुलेआम धोखा देता है। वेंचर कैपिटलिस्ट राजीव मंती ने कहा कि तुर्की ने भारत को सशस्त्र ड्रोन बेचने से इनकार कर दिया, जबकि उसने पाकिस्तान और बांग्लादेश को ये ड्रोन आपूर्ति किए। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत तुर्की कंपनियों को आर्थिक रूप से समर्थन क्यों दे रहा है।



ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न मनाते और मिठाइयां बांटते हुए कालबादेवी रोड पर होटल आदर्श पैलेस के समीप उत्साही प्रदेश वासी इसमें जलना भाजपा के वीरेंद्र कुमार धोखा, महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष गजानन घुघे, मुंबई सिविक राइट्स के जगदीश पुरोहित के साथ बड़ी संख्या में स्थानिक रहवासी गण। छायाः उत्तर शक्ति

**सूचना-** मैं सत्या देवी पत्नी स्व० रमेशचन्द्र निवासी मोहल्ला उमराना मछलीशहर की निवासिनी हूँ मैं असल बैनामा दस्तावेज कस्बा घिसुआ खास परगना घिसुआ तहसील मछलीशहर दस्तावेज सं0-4407 दिनांक 27.12.2008 आराजी अख्या 3426/1/0.326 हे0 में से 0.170 हे0 का बैनामा विक्रेता अनिल कुमार पुत्र लालजी ग्राम बकराबाद व ज्ञान प्रकाश पुत्र राजाराम निवासी ग्राम सरायुसूफ व बबनी देवी पत्नी रामजी निवासी कृपाशंकर नगर व सुखराजी देवी पत्नी पन्नालाल विश्वकर्मा निवासी मो० कायस्थाना ने श्रीमती दुर्गावती देवी पत्नी रामलखन मौर्य को दिनांक 27/12/2008 को विक्रय किया था उक्त असल बैनामा फोटो स्टेट कराकर घर आते समय रास्ते में कही गिर गया बहुत खोजबीन के बाद भी नही मिला।

